राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 92
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 02 मार्च 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट | पेज 3 नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 2 कॉरिडोर पर मेट्रो चलाने की तैयारी तेज | पेज 4 भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में 'सफ़रनामा' का लोकार्पण | पेज 6 टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ जारी, जिंबावे को


## संक्षिप्त खबरें

### पटियाला लॉ यूनिवर्सिटी से राजीव गांधी का नाम हटेगा

पटियाला। पटियाला की राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का नाम बदला जा सकता है। इसमें से राजीव गांधी का नाम हटाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की अकादमिक काउंसिल ने विश्वविद्यालय के नाम से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने का प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव अब मैनेजमेंट बोर्ड को भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद अंतिम निर्णय के लिए मामला पंजाब सरकार के पास जाएगा। विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में पंजाब अधिनियम के तहत हुई थी। राज्य तब कांग्रेस की सरकार थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंदर सिंह ने विधान सभा प्रस्ताव पारित कर इसकी स्थापना की थी।

### असम से 21 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को किया गया डिपोर्ट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि रविवार तड़के असम से बांग्लादेश के 21 अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेज दिया गया। इनमें बच्चे भी शामिल थे। यह कार्रवाई श्रीभूमि जिले से की गई। सरमा ने कहा, सतर्क निगाहें। आधी रात की कार्रवाई। ठीक 12: 30 बजे, हमेशा सतर्क रहने वाली श्रीभूमि पुलिस की बदौलत 21 अवैध प्रवासियों को वापस भेज दिया गया। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की और कहा कि जब ज्यादातर लोग सो रहे थे, तब हमारी पुलिस देश के लिए रात भर जागकर ड्यूटी कर रही थी।

# अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

## ट्रम्प बोले- 48 नेता एक झटके में खत्म; ब्रिटेन-फ्रांस, जर्मनी ईरानी हमले रोकने में मदद को तैयार

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर लगातार दूसरे दिन भी हमले जारी हैं। रविवार को ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का हेडक्वार्टर निशाने पर रहा। इससे पहले शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि इन हमलों में 48 ईरानी 'नेता' मारे गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान के 9 जहाज डुबो दिए हैं।



इजराइली वायुसेना ने बताया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला किया गया। इसमें उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं।

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी सेना ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं।

इजराइल में एक हमले में 9 लोगों की मौत हो गई है। तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हो गई है।

इधर, ब्रिटेन-फ्रांस और जर्मनी ने रविवार को एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया। जिसमें कहा गया है कि वे ईरान के जवाबी हमलों को रोकने में मदद के लिए यूएस और पार्टनर्स के साथ काम करने को तैयार हैं।

ईरान में सत्ता संभालने के लिए फिलहाल तीन लोगों की एक अस्थायी समिति बनाई गई है। इस समिति में देश के राष्ट्रपति मसूद पजशिकयान, न्यायपालिका के प्रमुख मोहसेनी एजेही और धर्मगुरु अली रजा अराफी शामिल हैं।



### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया है। इनमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं।

### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

ईरान ने जवाब में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। उसने कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व॰श्व में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। श्व के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया।

### ट्रम्प बोले- मकसद पूरा होने तक ईरान पर मिलिट्री ऑपरेशन जारी रहेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 मिनट का एक वीडियो मैसेज जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा- अमेरिका-इजराइल ने मिलकर ईरान के 100 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है।


ये हमले 4 हफ्ते या उससे ज्यादा समय तक जारी रह सकते हैं। यानी जब तक हमारे सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक मिलिट्री ऑपरेशन जारी रहेंगे।

ट्रम्प ने कहा- ईरान संघर्ष खत्म होने से पहले और भी अमेरिकी सेना के सदस्य मारे जा सकते हैं। मैं एक बार फिर रिवोल्यूशनरी गार्ड, ईरानी मिलिट्री और पुलिस से अपील करता हूं कि वे हथियार डाल दें और अपनी जान बचाएं, नहीं तो मौत पक्की हो जाएगी। यमन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वह खाड़ी देशों और जॉर्डन पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करता है। आम लोगों को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। यमन ने कहा कि वह ईरान के खिलाफ गल्फ कंट्रीज के रुख का समर्थन करता है।

### खामेनेई की मौत के बाद ईरान में अंतरिम लीडरशिप काउंसिल की पहली मीटिंग



ईरानी मीडिया ने यूएस-इजराइली हमले में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की अंतरिम लीडरशिप काउंसिल की पहली मीटिंग की तस्वीरें पब्लिश की हैं। इस मीटिंग में ज्यूडिशियरी चीफ गुलाम-हुसैन मोहसेनी-एजेई, प्रेसिडेंट मसूद पेजेशकियन और गार्डियन काउंसिल के मेंबर अयातुल्ला अलीरेजा अराफी शामिल हुए।



### मोदी ने नेतन्याहू से कहा- भारत दुश्मनी जल्द खत्म करने के पक्ष में

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा- मैंने मौजूदा हालात पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। मैंने हाल के घटनाक्रमों पर भारत की चिंता बताई, और इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारत दुश्मनी को जल्द खत्म करने की जरूरत पर फिर से जोर देता है।

### ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी अमेरिका की मदद को तैयार

एसोसिएट प्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने कहा है कि वे ईरान के जवाबी हमलों को रोकने में मदद के लिए स और पार्टनर्स के साथ काम करने को तैयार हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री , फ्रांस के मैक्रों और जर्मन चांसलर फ्ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि वे ईरान के अपने सहयोगियों पर किए जा रहे बिना सोचे-समझे हमलों से हैरान हैं।




हैदराबाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की कथित हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया।



पटना में अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की कथित हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान लोग उनकी तस्वीरें लिए हुए हैं।



रांची में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की कथित हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया।

# महाराष्ट्र के नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

### 18 लोगों की हालत गंभीर, मटेरियल बनाते वक्त धमाका हुआ

नागपुर (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया।

हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड



ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### क्या विस्फोट डेटोनेटर तैयार करते समय हुआ था

नागपुर के कलमेश्वर में स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) औद्योगिक विस्फोटकों की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है।

यह कंपनी खनन परियोजनाओं के लिए विस्फोटक, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक बनाती है।

रविवार सुबह कर्मचारियों ने काम शुरू ही किया था, तभी प्लांट में डेटोनेटर बनाने की प्रोसेस के दौरान एक तेज धमाका हो गया।

विस्फोट इतना भीषण था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे के दौरान कंपनी में 30 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

### सीएम फडणवीस ने खेद जताया

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर कहा- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

17 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मैं मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत नागपुर ले जाया गया है। आपातकालीन आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# केजरीवाल बोले- कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा

## हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि॰क को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप



लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। गस्त 2022 में सीबीआई की चार्जशीट के आधार पर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज किया था। ईडी के मामले भी अभी सुनवाई जारी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सीबीआई मामले में केजरीवाल समेत अन्य लोगों के बरी होने के कारण ये सभी ईडी मामले में भी बरी हो सकते हैं।

# एसआईआर : प. बंगाल, 60 लाख वोटर जांच के घेरे में

### मुर्शिदाबाद और मालदा में 19 लाख के डॉक्यूमेंट्स पेंडिंग; भाजपा ने कहा- घुसपैठियों पर कार्रवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद शनिवार को फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट के मुताबिक, राज्य के करीब 60.06 लाख वोटर्स के दस्तावेज अभी भी जांच के घेरे में हैं।

इनमें सबसे बड़ी संख्या मुस्लिम बहुल और सीमावर्ती जिलों की है। आयोग ने राज्य की मतदाता सूची से कुल 63.66 लाख नाम हटा दिए हैं।

बंगाल के कुल वोटर्स की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। वहीं भाजपा ने इसे घुसपैठियों के खिलाफ निर्णायक जंग करार दिया है।

### मुर्शिदाबाद और मालदा पेंडिंग केसेस में टॉप पर

चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार, मुर्शिदाबाद जिले में सबसे ज्यादा 11.01 लाख वोटर्स ऐसे हैं जिनकी स्क्रूटनी अभी पेंडिंग है। इसके ठीक बाद मालदा का नंबर आता है, जहां 8.28 लाख वोटर्स के दस्तावेजों की न्यायिक अधिकारियों द्वारा जांच की जानी बाकी है। 2011 की जनगणना के अनुसार मुर्शिदाबाद में 66 प्रतिशत और मालदा में 51 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है और ये दोनों ही जिले बांग्लादेश की सीमा से सटे हुए हैं।

**हाई अलर्ट** — लखनऊ में लोगों ने निकाला कैंडल मार्च, इजराइल का झंडा रौंदा; खाड़ी देशों की फ्लाइट कैंसिल

# उत्तरप्रदेश में हाई अलर्ट, खामेनेई की मौत पर प्रदर्शन

लखनऊ। अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद यूपी में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इस बीच पुलिस ने पूरे यूपी में हाई अलर्ट जारी किया है। सीएम योगी ने भी रविवार सुबह मीटिंग में अफसरों से एहतियात बरतने को कहा।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि उन जिलों में सतर्कता बढ़ाई गई है, जहां शिया समुदाय की आबादी अधिक है। इनमें लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ शामिल हैं। पुलिस को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।



लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़क पर उतर आए। महिलाओं और पुरूषों ने रोते हुए मातम किया। खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। रात करीब 11¬15 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ।

बड़ा और छोटा इमामबाड़ा मंगलवार तक बंद रहेगा। वहीं, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा- मैं लखनऊ में इरान संबंधी मुद्दे पर हो रहे प्रदर्शनों की निंदा करता हूं। मानवाधिकारों पर चयनात्मक नहीं, सिद्धांत आधारित दृष्टिकोण आवश्यक है।

जिनकी नस्लों में धोखा और गद्दारी है। उन्होंने खामेनेई को धोखे में मारा। खामेनेई मेरा शेर था, कयामत तक रहेगा। एक मरेगा, हजार खामेनेई आएंगे। लानत है अमेरिका और इजराइल पर। इनकी नस्लें गद्दार-धोखेबाज हैं।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से तीन दिवसीय शोक की घोषणा कर दी गई है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा- लोग अपने घरों पर काले झंडे लगाएंगे और काले कपड़े पहनेंगे। अयातुल्ला खामेनेई के नाम पर रोजाना मजलिस (शोकसभा) का आयोजन किया जाएगा।

लखनऊ से आज सऊदी अरब जाने वाली सभी फ्लाइटें रद्द कर दी गई हैं। दुबई और रियाद की 2-2 फ्लाइटें, जबकि मस्कट, अबू धाबी, दम्माम और शारजाह की 1-1 फ्लाइट कैंसिल की गई है। वहीं, वाराणसी एयरपोर्ट से दुबई जाने वाली 2 फ्लाइटें भी 4 मार्च तक के लिए रद्द कर दी गई हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

टिंकू- यार मेरी बीवी बहुत गुस्सा करती है रिंकू- मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती टिंकू- तुमने क्या इलाज कियारिंकू- एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज तक में बात तक नहीं करती.....




## शायरी

जनम जात मत पूछिए, का जात अरू पात।
रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात॥

## अर्थसार

संसेक्स:
81,287.19
-961.42 (1.17%)
निफ्टी:
25,178.65
-317.90



## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 16 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 50
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 22

# संपादकीय

## सआदत हसन मंटो आज होते तो क्या लिखते?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

1912 में जन्मे और 1955 में इस दुनिया से विदा हुए मंटो उर्दू साहित्य के ऐसे कथाकार थे, जिनकी कहानियाँ टोबा टेक सिंह, ठंडा गोश्त और खोल दो आज भी समाज की नसों में चुभती हैं।

भारत–पाक विभाजन का लहूलुहान सच उन्होंने जिस निर्ममता से लिखा, उस पर उन्हें अश्लीलता के मुकदमों का सामना करना पड़ा।

### मंटो का सीधा–सा विश्वास था—

लेखक का काम सच लिखना है, चाहे वह कितना ही असुविधाजनक क्यों न हो।

### आज का भारत और मंटो की कलम

अगर मंटो आज होते, तो वे शायद सबसे पहले 'शोर' पर लिखते।
आज संवाद कम है, शोर ज़्यादा है।
हर चैनल पर बहस है, लेकिन सच कहीं पीछे छूट जाता है।

### वे शायद लिखते—

'सच की आवाज़ धीमी होती है, इसलिए उसे सुनने के लिए शांति चाहिए; लेकिन हमने शांति को ही संदिग्ध बना दिया है।'

### भीड़ का मनोविज्ञान

मंटो भीड़ से डरते नहीं थे—वे भीड़ की मानसिकता का पोस्टमार्टम करते थे।
आज की डिजिटल भीड़—जहाँ एक फ़ॉरवर्ड हज़ारों दिमागों का निर्णय बन जाता है—उन्हें बेचैन करती।
वे लिखते कि भीड़ में इंसान की जिम्मेदारी मर जाती है।
वह अपने नाम से नहीं, नारे से जीने लगता है।
'जब आदमी अपने नाम से नहीं, अपने ट्रेंड से पहचाना जाने लगे,
तब सोच मर जाती है।'

### सत्ता, सवाल और साहस

मंटो सत्ता से टकराने में विश्वास रखते थे।
वे किसी पार्टी के लेखक नहीं थे—वे समय के लेखक थे।
**आज वे पूछते—**
क्या सवाल पूछना अपराध है?
क्या असहमति राष्ट्र–विरोध है?
**वे लिखते—**
देश प्रेम का प्रमाणपत्र सत्ता नहीं बाँटती, इतिहास बाँटता है।'
**और शायद यह भी जोड़ते—**
'सत्ता को आईना दिखाने वाला लेखक गद्दार नहीं होता,
वह भविष्य का गवाह होता है।'
धर्म और इंसान
विभाजन ने उन्हें सिखाया था कि मज़हब के नाम पर सबसे पहले इंसान मरता है।
आज वे देखते कि धार्मिक पहचान फिर से राजनीतिक हथियार बन रही है।
**वे शायद फिर कहते—**
'जब इंसान छोटा और धर्म बड़ा हो जाए,
तब कहानी नहीं—त्रासदी जन्म लेती है।'

### औरत की आज़ादी

मंटो ने औरत को समाज की परिभाषा से नहीं, उसकी आत्मा से देखा।
उन्होंने वेश्याओं पर भी वैसी ही करुणा से लिखा, जैसी किसी 'सम्मानित' स्त्री पर।
**आज वे लिखते—**
नारी सम्मान के भाषण और वास्तविक स्वतंत्रता के बीच की खाई पर।
**वे पूछते—**
क्या औरत आज भी इज्ज़त की वस्तु है, या स्वतंत्र व्यक्तित्व?

### निष्कर्ष : मंटो की ज़रूरत क्यों है?

**आज जब**
- खबरें प्रायोजित हैं,
- नैतिकता चयनात्मक है,
- और सच अक्सर असुविधाजनक है,

तब मंटो की कलम एक ज़रूरत है।
वे हमें याद दिलाते कि
लेखक का धर्म सत्ता की जय–जयकार नहीं, समाज का आत्मपरीक्षण है।
और शायद आज भी वे यही लिखते—
'अगर मेरी बातें चुभती हैं,
तो समझिए कि घाव पहले से मौजूद था।'

## फाल्गुनी रंगो से रंग दे

आओ फिर खेले
रंगो की होली
मेरे प्यारे हमजोली।

मिटा दे द्वेष,नफरत और ईर्ष्या
फाल्गुनी सतरंगी गुलाल से,
रंग दे हमजोली,
दुनिया में अद्भुत,
अतुलनीय रंगों का त्योहार,
दुश्मनों से लगे गले
बढ़ा दे शांति और प्यार।

मेरी तेरी उसकी बात नहीं
हम सबका यह प्यारा
प्यार भरा त्यौहार,
फाल्गुनी बह रही बयार।

लगा दे रंग हरा नीला पीला
आपसी दुखों का करें संहार,
इन रंगों में मिला है,
हम सब का मीठा मीठा प्यार,

मदमस्त करते ढोल और नगाड़े
आओ पढें प्यार के अनंत पहाड़े,
बुराई, भेदभाव और
आडंबर का करें अंत
होली के रंगों से
बन जाए सब संत।

दुनिया का अद्भुत त्यौहार होली का
बढ़ जाए प्यार इस टोली का,
ऐसे ही फाल्गुनी रंग–बिरंगे
प्यार बढे हमजोली का

रंगों से लगा रहे हमारा जीवन,
होली की मस्ती रहे
प्यार रहे, मनुहार रहे
अद्भुत रंगों से बना रहे जीवन।

बढ़ जाए आपस में
शांति सौहार्द ,
आने वाला कल
बन जाए नवजीवन,
जीवन में रंगों की हो भरमार,
आपको होली का ढेर सारा प्यार।

होली के रंगों की अनंत बधाइयां




संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,
9009 415 415,


# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत,सन्देश और सियासत

तनवीर जाफ़री




दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किये गये सबूतों को कमज़ोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साज़िश या इरादा साबित नहीं हुआ।

अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी ज़रूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में ख़ामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला।

इस अदालती फ़ैसले के बाद राजनैतिक हल्क़ों में हलचल तेज़ हो गयी है। ग़ौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाज़ारी रोकना बताया गया था।

परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत ख़ामियां , मनमाने फ़ैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक़्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफ़ारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नयी आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साज़िशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफ़ारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नयी आबकारी नीति रद्द कर दी गयी । इसी के बाद फ़रवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लिया गया।

अब जहाँ संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं ख़बर यह भी है कि निचली अदालत के इस फ़ैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवत: हाई कोर्ट का रुख़ कर सकती है।

बहरहाल इस अदालती फ़ैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है।

क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की।

इनमें गिरफ़्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिकांश मामलों में या तो ज़मानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुये या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ़्तार किया गया।

उन्हें सीएम पद से इस्तीफ़ा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुनः मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने MUDA स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंज़ूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी।

यूँही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का FEMA नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किये गये।

परन्तु अभी तक कोई गिरफ़्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है।

पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल ज़मीन आवंटन मामले में पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के ख़िलाफ़ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें क्लीन चिट दे दी। इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को ख़ारिज कर दिया गया। परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दाग़दार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन् फ़ानन में दल बदल कर भजपाई वाशिंग मशीन से गुज़रकर चरित्रवान होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं। और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्य मंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री,मंत्री,सांसद या अन्य उच्च पदों पर सुशोभित कर दिया जाता है।


आंकड़े यूँही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक क़रीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किये इन में 95 प्रतिशत विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमज़ोर पड़ गये।

जहाँ तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फ़ैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नज़र आ रहा था वहीँ केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुये मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेगुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे। और हद तो तब हो गयी जबकि उसी दिन बुलाई गयी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज़्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नज़र आये। सत्ता से सवाल पूछने के बजाये वे यह कहते सुनाई दिये कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती? ज़ाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाज़ी का ही एक हिस्सा था जिससे विपक्षी एकता कमज़ोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आँखों में कभी आंसू नहीं आये तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं।

और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की ज़रूरत है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3816




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3815 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

शादी के सीजन में जगह–जगह शादी में आने–जाने के कारण रमन के पास कपड़ों की कमी–सी हो जाती? है, फिर भी वो कुछ मैनेज करके अपने खास दोस्त की शादी में जाता है, वहाँ पर दोस्त के अंकल उससे पूछते है– बेटे! ये शर्ट तो बहुत अच्छी है!

रमन– जी, मेरी नहीं है।
अंकल– पैंट भी बहुत अच्छी है।
रमन– ये भी मेरी नहीं है।
अंकल– तो फिर किसकी है?
रमन– लाँड्री वाले की..!

□ □ □

रमन सर्कस देखकर आने के बाद अपने दोस्त से मिलने गया तो उससे कहा– यार! सर्कस में एक मोटी औरत एक दुबले जोकर को खूब मारती रहती है और वह सिर्फ हँसता ही रहता है।

परेश बोला– यार तू बता इसमें नया क्या है? यह तो मेरे घर में रोज ही होता है।

□ □ □

एडवोकेट (गवाह से)– अच्छा तो अब सही–सही बता दो फटाफट, नरेश की मौत आखिर हुई कैसे?

गवाह घबरा कर बोला– बड़ा ही भुलक्कड़ था हुजूर! हो सकता है घटना के समय वह साँस लेना भूल गया हो।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3816



### बायें से दायें:-

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी–बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२.फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शाँवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3815



## सूडोकु -3816

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3815 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

## शब्द पहेली - 3816



### बाएँ से दाएँ

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

### ऊपर से नीचे

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -3815 का हल



# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 2 कॉरिडोर पर मेट्रो चलाने की तैयारी तेज

## मेट्रो का यह कॉरिडोर 11.56 किलोमीटर लंबा है और इसमें 8 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाने हैं

**नोएडा।** सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन और डिपो से बोडाकी रूट पर एक्वा लाइन मेट्रो का निर्माण शुरू करने को नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने टेंडर जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मार्च के मध्य तक टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

### ये हैं एक्वा लाइन मेट्रो के नए रूट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 14 फरवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो रूट की योजना को मंजूरी प्रदान की गई थी। मेट्रो का यह कॉरिडोर 11.56 किलोमीटर लंबा है और इसमें 8 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाने हैं। इस कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन हैं- बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर 44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर 97, नोएडा सेक्टर 105, नोएडा सेक्टर 108, नोएडा सेक्टर 93 और पंचशील बालक इंटर कॉलेज। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे किनारे से निकलने वाले इस मेट्रो रूट के निर्माण पर 2254.35 करोड़ रुपये लागत आने का अनुमान है। इस कॉरिडोर के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61.62 किमी का हो जाएगा।

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक 2.6 किलोमीटर रूट को भी पहले ही केंद्र से अनुमति मिल चुकी है। इस रूट पर 416 करोड़ 34 लाख रुपये निर्माण लागत अनुमानित है। दो नए मेट्रो स्टेशन जुनपत गांव और बोड़ाकी बनेंगे।



### एनएमआरसी जल्द जारी करेगा टेंडर

ऐसे में इन दोनों लाइन का काम शुरू करने के लिए एनएमआरसी सबसे पहले टेंडर जारी करेगा। इसके बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट रूट को केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर जारी होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए एनएमआरसी ने आरआरटीएस के गाजियाबाद से जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक रूट प्रस्तावित होने के चलते सेक्टर-51 से किसान चौक तक 7.5 किलोमीटर के मेट्रो रूट की तैयारी की हुई है। इस रूट पर प्रस्तावित 5 मेट्रो स्टेशन सेक्टर-61, 70,122, 123 और ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 (किसान चौक के पास) शामिल हैं। एनएमआरसी के अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस रूट को भी अगले एक महीने में केंद्र से मंजूरी मिल जाएगी।

### इन सेक्टरों को होगा फायदा

बॉटेनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक कॉरिडोर का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा। नई योजना पूरी होने से सार्वजनिक परिवहन में काफी सुधार होगा।

इसका मकसद नोएडा के खास क्षेत्र को जोड़ना है, जिसमें कई वाणिज्यिक केंद्र जैसे सेक्टर-142 में उन्नत व्यापार पार्क, सेक्टर-98 में स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 में मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इंफोसिस, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट, सेक्टर-132 में एडोब और सेक्टर-127 में ओरेकल शामिल हैं।


इस मार्ग पर कई बहुराष्ट्रीय निगम या बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) केंद्र स्थित हैं। इसके साथ इस कॉरिडोर में सेक्टर-125 में एमिटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर-91 में पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-44 में महामाया बालिका इंटर कॉलेज जैसे शैक्षिण संस्थान, सेक्टर-128 में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जैसे स्वास्थ्य केंद्र, बॉटैनिकल गार्डन, सेक्टर-93 पार्क जैसे बड़े पर्यटन स्थल हैं।

# नोएडा में धारदार हथियार से चालक की हत्या, आरोपी फरार

**पुलिस ने मामले की जांच शुरू की**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सेक्टर-135 स्थित डूब क्षेत्र में शनिवार देर रात एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बदायूं निवासी 45 वर्षीय राकेश यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

राकेश यादव नोएडा में मिक्सर गाड़ी चलाने का काम करते थे और वाजिदपुर गांव के पास एक प्लांट में अपनी पत्नी के साथ रहते थे। शनिवार को उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं, जिसके कारण वह रात में अकेले थे। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले राकेश के




भांजे को घटना की जानकारी दी। जब राकेश का फोन नहीं उठा, तो भांजा उनके कमरे पर पहुंचा और वहां का भयावह दृश्य देखकर उसने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों और फिर पुलिस को सूचित किया।

डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में सामने आया है कि राकेश के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी कई वार किए गए हैं। आशंका है कि किसी धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या की गई है।

एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि राकेश तीन साल पहले बदायूं से काम की तलाश में नोएडा आए थे।

उनके दो बेटे और एक बेटी गांव में रहते हैं। फिलहाल मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है, लेकिन दो लोगों पर हत्या का शक जताया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मोबाइल कॉल डिटेल भी जांची जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नोएडा में पांच दिन के लिए धारा 163 लागू

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट त्योहार की वजह से धारा 163 जनपद में 2 मार्च से 6 मार्च तक लागू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी। धारा 163 लागू रहने के दौरान बिना अनुमति के पांच या उससे अधिक लोगों का एकत्र होना, जुलूस निकालना, धरना-प्रदर्शन करना या किसी प्रकार का सामूहिक कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण देना, सोशल मीडिया पर अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट फैलाना, हथियार लेकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमना, डीजे या तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों का बिना अनुमति उपयोग करना भी नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत

## अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, लोगों ने किया हंगामा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में शनिवार रात एक सड़क हादसे में सगे भाई-बहन की मौत हो गई। जारचा थाना क्षेत्र के अल्ट्राटेक चौकी इलाके में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया।

मृतक नवीन (35) और प्रियांशी (18) पावली गांव के निवासी थे। वे दादरी से अपनी मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहे थे। जारचा रोड पर पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक कई मीटर दूर जा गिरी और दोनों भाई-बहन की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। चालक घटनास्थल से फरार हो गया था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

जारचा थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मार्ग पर लगे अन्य कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे।

# सूरजपुर- कासना मार्ग सजावटी लाइट से जगमग होगा

> प्राधिकरण ने एजेंसी का चयन कर कार्य आदेश जारी कर दिया है। इससे कम रोशनी वाले स्थान जगमग हो जाएंगे।

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर- कासना मार्ग सजावटी लाइट से जगमग होगा। होली के बाद एलईडी लाइटें लगाने का काम शुरू किया जाएगा। प्राधिकरण ने एजेंसी का चयन कर कार्य आदेश जारी कर दिया है। इससे कम रोशनी वाले स्थान जगमग हो जाएंगे। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक लगभग 12 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर पहले चरण में सूरजपुर क्राउन प्लॉजा होटल के पास से एलजी चौक तक करीब सवा सौ सजावटी एलईडी लाइट लगाई जाएंगी।

यह काम अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। कम रोशनी वाले स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। साथ ही मोजरवेयर व एलजी गोलचक्कर को भी आकर्षक बनाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा की मुख्य सड़कों में शामिल सूरजपुर- कासना मार्ग पर ट्रैफिक का काफी दवाब रहता है। यह मार्ग शहर के सेक्टरों के साथ परी चौक व कासना होते हुए दनकौर- सिकंद्राबाद मार्ग, नोएडा- ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे को भी जोड़ता है। हर रोज लगभग एक लाख वाहन गुजरते हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। ऐसे में व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। सड़क की मरम्मत के साथ अब आकर्षक व सजावटी लाइट लगाने का काम किया जाएगा। प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने से रात के अंधेरे में दिक्कत नहीं होगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ भारद्वाज ने बताया कि सूरजपुर-कासना मार्ग पर सजावटी लाइट लगाने का काम अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा।

पहले चरण में सूरजपुर क्राउन प्लॉजा चौक से लेकर एलजी चौक तक काम किया जाएगा। इसके बाद आगे की योजना बनाई जाएगी। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कहीं पर भी अंधेरा न रहे। वहीं सूरजपुर-कासना मार्ग पर ही स्थित मलकपुर और दुर्गा गोलचक्कर को अंतरराष्ट्रीय स्तर के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है।

वास्तुकार की मदद से डिजाइन तैयार की जा रही है। उद्यान के साथ सिविल का काम भी किया जाएगा। यहां कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला न्यायालय व वरिष्ठ अधिकारियों के आवास होने की वजह से महत्वपूर्ण लोगों का आना- जाना लगा रहता है।

# नोएडा में छात्र ने खुद को गोली मारकर किया सुसाइड

## पिता की पिस्टल से कनपटी पर दागी गोली, सुसाइड नोट नहीं मिला

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र के धूममानिकपुर गांव में शनिवार शाम एक 18 वर्षीय छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान 18 वर्षीय देवकरण के रूप में हुई है, जो धूममानिकपुर गांव का निवासी था। वह दादरी स्थित एनटीपीसी के डीपीएस स्कूल में कक्षा 12 का छात्र था। उसके परिवार में माता-पिता और एक दिव्यांग छोटा भाई है। देवकरण



के पिता सेना से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में कृषि तथा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। परिजनों के अनुसार, घटना से पहले देवकरण दूसरी मंजिल पर अपने कमरे में गया था। बताया गया है कि उसने अपने मोबाइल का डेटा डिलीट किया और लैपटॉप को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद उसने घर में रखी पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर देवकरण की मां और छोटा भाई ऊपर पहुंचे। उन्होंने देवकरण को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देखा। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। छात्र को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर रही है। इसके साथ ही, पारिवारिक और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन की जा रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, देवकरण शांत स्वभाव का था और उसकी किसी मानसिक परेशानी की जानकारी पहले सामने नहीं आई थी। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## 35 लाख रुपये ठगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

मुरादनगर। कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर एग्रीमेंट करने के लिए मुरादनगर बुलाकर जिला शामली के किसान से 35 लाख रुपये ठगने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दस लाख रुपये व घटना में इस्तेमाल कार बरामद की है। जिला शामली के थाना झिझाना के गांव चौसाना निवासी इमरान ने बताया कि गत 21 फरवरी को बरेली निवासी फुरकान ने कहा कि कृषि भूमि का एग्रीमेंट करने के लिए मोदीनगर तहसील चलना है। जब वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास पहुंचे तो फुरकान ने इमरान को क्रेटा कार में बैठा लिया।इसी बीच कार में कुछ युवक आए और अपने आप को क्राइम ब्रांच का बताने लगे। इसके बाद इमरान से 35 लाख रुपये छीन लिए और उसे दुहाई के पास उतारकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर स्वाट टीम को बदमाशों को पकड़ने के लिए लगाया। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच ने कहा कि दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

# जेवर में जमीन के मुआवजे के लिए भाई की हत्या


## भतीजे और दोस्त गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह हत्या जमीन के मुआवजे में मिली 32 लाख रुपये की रकम हड़पने के लिए की गई थी। पुलिस के अनुसार, मृतक के बड़े भाई ने अपने बेटे और एक दोस्त के साथ मिलकर छोटे भाई की हत्या की साजिश रची थी।

22 फरवरी को कलूपुरा में भीकनपुर जाने वाली सड़क पर बंबा के किनारे एक गन्ने के खेत में सुखदेव नामक युवक का शव मिला था। सुखदेव पांच दिन से लापता था। शव मिलने के बाद सुखदेव के पिता सुरेश चंद्र शर्मा ने अपने बड़े बेटे हरकेश, हरकेश के बेटे हिमांशु और ससुर सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार को इस मामले में मुख्य आरोपी हरकेश के बेटे हिमांशु और उसके दोस्त अमित पुत्र तुलाराम निवासी कलूपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे मुआवजे की पूरी रकम खुद हासिल करना चाहते थे, जिसके चलते उन्होंने सुखदेव की हत्या कर दी। दोनों आरोपियों को झाझर से जहांगीरपुर जाने वाली सड़क पर गांव मारहरा बम्बा पुलिया के पास से पकड़ा गया। वे शहर छोड़कर भागने की फिराक में थे। रबूपुरा थाना प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस मुख्य आरोपी हरकेश की तलाश में लगातार दबिश दे रही है और उसे भी जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

# पूर्व जिलाध्यक्ष रकम सिंह भाटी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से की ऐतिहासिक मुलाकात, भेंट की भारत माता की भव्य प्रतिमा





नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में उस समय गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गौतम बुद्ध नगर श्री रकम सिंह भाटी ने वरिष्ठ नेता जयवीर पहलवान जी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी से शिष्टाचार भेंट की।

इस विशेष अवसर पर श्री रकम सिंह भाटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भारत माता की सुसज्जित एवं दिव्य प्रतिमा भेंट कर सम्मान प्रकट किया। सिंह पर विराजमान भारत माता की प्रतिमा राष्ट्रभक्ति, शक्ति और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक है।

मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर गंभीर और सकारात्मक चर्चा हुई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेषकर गौतम बुद्ध नगर में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के विषय पर विचार-विमर्श हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी ने कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य करता है। यह मुलाकात केवल एक शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि संगठनात्मक ऊर्जा और भविष्य की रणनीतिक दिशा का संकेत मानी जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## दनकौर में डीसीपी ने निकाला फ्लैग मार्च

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च डीसीपी प्रवीन रंजन सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने दनकौर कस्बा, बिलासपुर मंडी और श्याम नगर सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों से संवाद कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का विवाद, हुड़दंग या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी ने बताया कि होली के मद्देनजर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की टीमें लगातार गश्त करेंगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

## गंग नहर में डूबे बच्चे का सुराग नहीं मिला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित दौला रजपुरा गांव के पास गंग नहर में डूबे चार वर्षीय मासूम अदनान का रविवार शाम तक भी कोई सुराग नहीं मिल सका। लगातार तीसरे दिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें स्थानीय पुलिस के साथ तलाशी अभियान में जुटी रहीं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। यह घटना शुक्रवार शाम को हुई थी। गांव निवासी इसरार का चार वर्षीय बेटा अदनान अपने बड़े भाई के साथ घर के पास से गुजर रही गंग नहर में बहते नारियल निकालने के लिए उतर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नहर में पानी काफी गहरा था। इसी दौरान अदनान का संतुलन बिगड़ गया और वह डूब गया। उसका बड़ा भाई किसी तरह नहर से बाहर निकल आया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शनिवार सुबह से एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों ने सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। गोताखोरों और नावों की मदद से नहर के कई किलोमीटर दायरे में बच्चे की तलाश की जा रही है। नहर में तेज बहाव और गहराई के कारण बचाव टीमों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रवीण को शाहरुख खान ने किया सम्मानित

जेवर। ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित गोविंदगढ़ गांव के निवासी पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट प्रवीण कुमार को रविवार को मुंबई में सम्मानित किया गया। एक भव्य कार्यक्रम में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें मंच पर सम्मानित कर उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस सम्मान समारोह में देशभर की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। प्रवीण कुमार ने पैरा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे देश को भी गौरवान्वित किया है। सम्मान समारोह के दौरान शाहरुख खान ने प्रवीण कुमार को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि प्रवीण की मेहनत और लगन हर किसी को आगे बढ़ने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी प्रवीण की उपलब्धि को देश के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मान मिलने पर प्रवीण कुमार ने इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

## वीवो कंपनी के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रामपुर खादर गांव में रविवार को किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। हरिसिंह प्रधान के आवास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता राजवीर सिंह ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। बैठक में क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण क्षेत्र के गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है और स्ट्रीट लाइटों की हालत भी खराब है। शर्मा ने विशेष रूप से वीवो कंपनी पर स्थानीय युवाओं को लोकल बताकर रोजगार न देने का आरोप लगाया, जिससे क्षेत्र के शिक्षित युवाओं में भारी नाराजगी है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार नहीं दिया गया, तो संगठन जल्द ही बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि रोजगार का अधिकार स्थानीय लोगों का है और इसके लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष किया जाएगा।

## नोएडा अथॉरिटी के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती

### वृंदावन पार्क में धार्मिक साइट बनाने के मामले में कोर्ट ने मांगा जवाब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा अथॉरिटी द्वारा सेक्टर 15 ए में एक धार्मिक साइट बनाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर नोएडा अथॉरिटी से हलफनामा मांगा है। जस्टिस एम सी त्रिपाठी एवं जस्टिस कुनाल रवि सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश एस पी सिंह व 58 अन्य की याचिका पर दिया है। बृंदावन पार्क के हिस्से में नोएडा अथॉरिटी द्वारा धार्मिक साइट बनाने का प्रस्ताव है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में निर्देश दिया है कि नोएडा अथॉरिटी द्वारा दाखिल हलफनामा एसिस्टेंट चीफ आफिसर रैंक के नीचे के अधिकारी का नहीं होना चाहिए। याचिका में धार्मिक साइट बनाने का विरोध किया जा रहा है। वृंदावन पार्क के हिस्से में धार्मिक साइट बनाने के निर्णय को वहां के निवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। कोर्ट इस याचिका पर अब आगे 16 मार्च को सुनवाई करेगी।

## पुनर्वासन केंद्र अगले माह तक बनकर तैयार होगा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 10 हेक्टेयर में स्थायी पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का काम मार्च अंत या अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक तक पूरा हो जाएगा। यहां पर कई कमरों, शेड और निर्माण से जुड़ा अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर-17 में राजपुर गांव के पास जू ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की मंजूरी मिली। इसके बाद जुलाई 2025 में पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र का काम शुरू किया गया।यह केंद्र कुल 10 हेक्टेयर जमीन पर विकसित हो रहा है। इसमें पांच हेक्टेयर भूमि यमुना प्राधिकरण और शेष पांच हेक्टेयर वन विभाग की है। प्राधिकरण अपने हिस्से की पांच हेक्टेयर भूमि पर पक्का निर्माण करा रहा है। यहां वन्य जीवों के लिए खास सुविधाएं विकसित हो रही हैं। इनमें पशुओं के इलाज के लिए मेडिकल सेंटर, कमरे, शेड आदि हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां डॉक्टर की टीम तैनात की जाएगी। इसके लिए भी इंतजाम होंगे। वन विभाग की शेष जमीन को ग्रीन श्रेणी में रखा है। इसमें वन्य जीवों के लिए बाड़े इत्यादि विकसित होंगे। केंद्र के प्रबंधन को लेकर वन विभाग का सहयोग लिया जाएगा। वन्य जीवों के रेस्क्यू में वन विभाग भूमिका निभाएंगा। यहां अगले माह तक वन्य जीवों का रखरखाव शुरू हो जाएगा। जेवर में 258 काले हिरण और 176 सारस वन्य जीव संस्थान देहरादून से जेवर में एयरपोर्ट के पास क्षेत्र में अध्ययन करवाया गया था।

**NAME CHANGE NOTICE**

I , Preet Singh S/o Laxman Singh Verma R/o House no. 269 , Railway road , near PNB bank , Soni ji market Dadri , Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh, 203207 Have changed my name to Preet Singh Verma for all purposes

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में 'सफ़रनामा' का लोकार्पण

## जिलाधिकारी ने वन्यजीवन पर केंद्रित हिंदी कृति का किया विमोचन, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बताया महत्वपूर्ण कदम

**पीलीभीत।** गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के समापन अवसर पर वन्यजीवन विषयक हिंदी पुस्तक 'सफ़रनामा' का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुस्तक का अनावरण करते हुए इसे जनपद के वन्यजीवन, पर्यटन और पर्यावरण जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताया।यह पुस्तक लंबे समय से वन्यजीवन संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एवं लेखक बिलाल मियां खान द्वारा लिखी गई है।



लेखक ने अपने अनुभवों, शोध और वर्षों के मैदानी कार्य के आधार पर पीलीभीत और उत्तर प्रदेश के वन्यजीव संसार को विस्तार से प्रस्तुत किया है।

### वन्यजीवन संघर्ष और पर्यटन स्थलों का विस्तृत दस्तावेज

'सफ़रनामा' में वर्ष 2003 से लेकर 2026 तक मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं, जंगल क्षेत्र के विकास, पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का क्रमबद्ध विवरण दिया गया है।

इसमें माला रेंज में बाघिन की मृत्यु, अन्य जिलों तक पहुंचे वन्यजीवों की घटनाएं तथा चूका पिकनिक स्पॉट के उद्घाटन जैसे प्रसंगों को भी शामिल किया गया है।

### लेखक की यह कृति पीलीभीत के प्रसिद्ध पीलीभीत

टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के अन्य संरक्षित क्षेत्रों की जीवंत झलक प्रस्तुत करती है। पुस्तक को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की शुभकामनाएं भी प्राप्त हुई हैं।


### 'सफ़रनामा' श्रृंखला की पूर्व कृतियां भी रही चर्चित

लेखक की पहली पुस्तक, जो पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर आधारित थी, का विमोचन 12 अक्टूबर 2020 को वन्यजीव सप्ताह के समापन अवसर पर तत्कालीन वन मंत्री दारा सिंह चौहान द्वारा लखनऊ स्थित शासकीय आवास पर किया गया था। दूसरा भाग, जो भारत-नेपाल सीमा से जुड़े तराई आर्क लैंडस्केप पर केंद्रित था, 29 अप्रैल 2022 को तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा जारी किया गया।

श्रृंखला के तीसरे भाग का विमोचन 9 जून 2023 को अपर मुख्य सचिव (वन) मनोज सिंह ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व की स्थापना दिवस वर्षगांठ के अवसर पर किया था, जिसमें देश के सभी टाइगर रिजर्व का समग्र विवरण प्रस्तुत किया गया।

# एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की अपराध समीक्षा बैठक

**आगामी त्यौहार होली के सम्बन्ध में तैयारियो की समीक्षा कर, त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दिये निर्देश**




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार होली के सम्बन्ध में तैयारियो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारी अपने-2 क्षेत्र में पूर्व से निर्धारित होलिका दहन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर ले तथा आयोजकों से वार्ता करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।होलिका दहन कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तथा पोस्टर/कलस्टर पार्टी की ड्यूटिया लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । त्यौहार के दौरान ए,एस चैक टीम को भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि जगहो पर चैकिंग करने के संबंध निर्देशित किया गया ।होली त्यौहार के दृष्टिगत जनपद की समस्त पीआरवी को संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण रहने हेतु निर्देशित किया गया । आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत् रूप से होटल/ढ़ाबा/रेस्टोरेंट आदि सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण शील रहकर चेकिंग करना सुनिश्चित करें । त्योहारों के सम्बन्ध में अपने-अपने थाना क्षेत्रो में क्षेत्राधिकारीगण की मौजूदगी में पीस कमेटी की मीटिंग की जाये तथा आयोजकों से वार्ता कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण कराते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# बाघ का शव मिलने से हड़कंप



**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शनिवार रात एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में खलबली मच गई। बाघ का शव माला रेंज के अंतर्गत महोफ और माला के बीच धमेला वॉच टावर के पास पड़ा मिला। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही डीएफओ (मंडल वन अधिकारी) भरत कुमार डीके सहित वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मामले की सूचना बरेली स्थित फील्ड डायरेक्टर (एफडी) और एपीसीसीएफ (अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक) को भी दी गई, जिन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में बाघ के शरीर पर चोट या किसी संघर्ष के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में बाघ की मौत के कारणों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वन विभाग ने बताया कि मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

बाघ का पोस्टमॉर्टम बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में कराया जाएगा। डीएफओ भरत कुमार डीके के अनुसार रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि बाघ की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।

शव मिलने की सूचना के बाद सीसीएफ (मुख्य वन संरक्षक) ने रात करीब दो बजे घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं, रविवार को प्रोजेक्ट टाइगर के नोडल अधिकारी भी मौके का दौरा करेंगे। वन विभाग का कहना है कि पूरे मामले में निर्धारित मानक प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है और हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।

# इटावा में कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण, उमड़ा जनसैलाब

## राष्ट्रहित, सुशासन और जनसेवा के आदर्शों को किया गया नमन, जनसभा में गूंजे प्रेरक संबोधन





**पीलीभीत।** इटावा जनपद के बढ़पुरा ब्लॉक परिसर में पद्म विभूषण, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए जनप्रतिनिधियों, संत-महात्माओं और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के इटावा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति के नारों और जयघोष की गूंज सुनाई दी। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित विशाल जनसभा में मुख्य अतिथियों ने श्रद्धेय बाबूजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से सांसद स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी ने कहा कि कल्याण सिंह का जीवन राष्ट्रभक्ति और धर्मनिष्ठ राजनीति का जीवंत उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने सदैव जनभावनाओं का सम्मान किया और शासन को सेवा का माध्यम माना। उनका संघर्ष और त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है।

पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री राजवीर सिंह ने कहा कि कल्याण सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन में सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। वे निर्णय लेने में दृढ़ और स्पष्ट विचारधारा वाले नेता थे। उनके आदर्श आज भी राजनीतिक शुचिता की मिसाल हैं।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि बाबूजी का योगदान केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र की सेवा करें। फर्रुखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि कल्याण सिंह का नाम भारतीय राजनीति में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

उन्होंने कहा कि सुशासन और जनहित की जो परंपरा बाबूजी ने स्थापित की, उसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने कहा कि कल्याण सिंह ने सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया। उनका व्यक्तित्व सादगी और दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। इटावा की विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि बाबूजी ने हमेशा प्रदेश के विकास और आमजन की भलाई को प्राथमिकता दी। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

सभा के अंत में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि कल्याण सिंह का संपूर्ण जीवन राष्ट्र, धर्म और समाज के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में उनकी ऐतिहासिक भूमिका ने उन्हें जननायक के रूप में स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि बाबूजी का जीवन त्याग, तपस्या और सिद्धांतों की राजनीति का प्रतीक था। उन्होंने कभी भी सत्ता को लक्ष्य नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि ऐसे महापुरुषों की प्रतिमा केवल पत्थर की मूर्ति नहीं होती, बल्कि वह समाज के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत होती है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि हम सभी उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पूरे समारोह में अनुशासन, उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

# शार्ट न्यूज

## गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ता से कथित अभद्रता

पीलीभीत। बीसलपुर क्षेत्र में गैस सिलेंडर लेने पहुंचे एक उपभोक्ता के साथ कथित अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाडाड़ी निवासी नरेंद्र कुमार 26 फरवरी को टिकरी स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर घरेलू गैस सिलेंडर लेने पहुंचे थे। आरोप है कि एजेंसी संचालक के बेटों ने निर्धारित दर से अधिक रकम की मांग की। जब उपभोक्ता ने इसका विरोध किया तो दोनों ने गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए लिखित तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कमलेश तोमर और छोटू पुत्र अखिल तोमर निवासी टिकरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र के उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि वाकई निर्धारित दर से अधिक वसूली की जा रही है तो इसकी जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

## पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 395 लीटर अवैध शराब बरामद



**ललितपुर।** रविवार को कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम मऊ माफी स्थित चीरा में छापा मारा। इस दौरान यहां से 395 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वहां मौजूद ड्रमों में रखी लगभग पांच हजार लीटर लहन को जमीन पर फैलाकर नष्ट कर दिया। साथ ही शराब बनाने के सभी उपकरण नष्ट कर दिए।पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के ऋंम में थाना कोतवाली,ललितपुर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 395 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर मौके पर 5000 ली लहन नष्ट कर कुल- 14 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## होली के बाद ही मिलेंगे डीएल के स्लॉट

**लखनऊ।** होली के मद्देनजर ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े कार्यों के लिए स्लॉट अब त्योहार के बाद ही मिल पाएंगे। सोमवार से परिवहन विभाग के आरटीओ और एआरटीओ कार्यालय लगातार तीन दिन तक बंद रहेंगे। ऐसे में जिन आवेदकों ने रविवार को स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य सेवाओं के लिए स्लॉट लेने की कोशिश की, उन्हें अब होली के बाद नई तारीख का इंतजार करना पड़ेगा। ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। पहले लर्नर लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाता है, जो ऑनलाइन जारी होता है। लर्नर लाइसेंस बनने के बाद एक महीने से छह महीने के भीतर स्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन करना अनिवार्य होता है। इसके लिए अभ्यर्थी को पोर्टल पर जाकर स्लॉट बुक करना पड़ता है। स्लॉट मिलने के बाद निर्धारित तिथि पर आवेदक को कार्यालय पहुंचकर बायोमीट्रिक सत्यापन कराना होता है। इसके बाद वाहन चलाकर ड्राइविंग टेस्ट देना पड़ता है। टेस्ट में सफल होने पर स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाता है।

## अलीगढ़ बस कांड में दो परिवहन अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** अलीगढ़ में स्कूल बस से गिरकर एक छात्रा की दर्दनाक मौत के मामले में परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने अलीगढ़ की आरटीओ (प्रवर्तन) वंदना सिंह और तत्कालीन सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) चंपालाल को रविवार को निलंबित कर दिया। चंपालाल की वर्तमान तैनाती सिद्धार्थनगर में बताई गई है। दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बाताया की, 28 फरवरी को अलीगढ़ सीमा से सटे कासगंज के ग्राम नगला साधु में यह हादसा हुआ था। स्कूल बस का फर्श अचानक टूट गया, जिससे एक बच्ची सड़क पर गिर गई। गिरने के बाद बस का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हुई जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। बस का बीमा नहीं था और उसका परमिट भी समाप्त हो चुका था। ऐसे में बिना वैध दस्तावेजों के बस का संचालन किया जा रहा था।

## लेनदेन के विवाद में युवक पर झोंका फायर

**प्रयागराज।** प्रयागराज के धूमनगंज स्थित जयरामपुर मोहल्ले में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने देर रात हिंसक रूप ले लिया। मारपीट और पथराव के बीच हुई फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। घटना के समय गोली लगने की पुष्टि नहीं हो पाई थी, लेकिन अस्पताल में एक-रे के बाद यह बात साफ हुई की युवक कमरे में गोली लगने से घायल हुआ है। इस मामले में छह लोगों को नामजद किया गया है। घायल युवक सौरभ को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर धूमनगंज थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से पूछताछ की। देर रात जयरामपुर में कुछ लोगों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और पथराव में बदल गई। इसी दौरान फायरिंग भी हुई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला। संदेह के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया गया था। रविवार तड़के सौरभ की मां गीता थाने पहुंचीं और तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे को कमर में गोली मारी गई है। उन्होंने आरोपितों के नाम भी पुलिस को बताए।

# बख्शपुर में दो तेंदुओं की दस्तक से दहशत

- घर की बाउंड्री के भीतर घूमता दिखा वन्यजीव
- सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि; वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

पीलीभीत। पीलीभीत शहर से सटे बख्शपुर गांव में शनिवार रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब जंगल क्षेत्र से निकलकर आए दो तेंदुए आबादी के बीच पहुंच गए। एक तेंदुआ गांव के बाहरी हिस्से में स्थित एक मकान की बाउंड्री के भीतर घूमता दिखाई दिया, जबकि दूसरा घर के बाहर मंडराता नजर आया।

अचानक हुए इस घटनाक्रम से परिवार के लोग सहम गए और गांव में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब साढ़े नौ बजे की है।

गांव निवासी महेश मौर्या के घर के पास कुत्तों के भौंकने की तेज आवाज सुनकर परिवार के सदस्य बाहर निकले तो नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। एक तेंदुआ घर के भीतर बने खुले हिस्से में टहल रहा था। कुछ ही पलों में दूसरा तेंदुआ भी आसपास दिखाई दिया। परिवार ने हिम्मत जुटाकर शोर मचाया और पड़ोसियों को आवाज दी। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की हलचल बढ़ते ही दोनों तेंदुए खेतों की दिशा में भाग निकले। हालांकि उनकी गतिविधियां घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गईं, जिससे घटना की पुष्टि हो गई।

वन विभाग पर सवाल, ग्रामीणों में नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि सूचना तत्काल पुलिस और वन विभाग को दी गई थी। पुलिस टीम तो कुछ देर में पहुंच गई, लेकिन वन विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। इसे लेकर लोगों में रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते निगरानी की जाती तो संभावित खतरे को टाला जा सकता था।

रविवार को गांव के आसपास तेंदुओं की दोबारा कोई स्पष्ट मौजूदगी नहीं देखी गई, लेकिन ग्रामीणों को आशंका है कि वे खेतों या झाड़ियों में छिपे हो सकते हैं। लोगों ने रात में घरों से बाहर न निकलने और बच्चों को अकेला न छोड़ने की अपील की है।

> गांव में वन्यजीवों की बढ़ती आमद को लेकर लोग चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल क्षेत्र से सटे गांवों में नियमित गश्त और निगरानी व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### डीएफओ का बयान : अलर्ट जारी, पिंजरा लगाने के निर्देश

सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लिया गया है। संबंधित टीमों को सतर्क कर दिया गया है और गांव के बाहरी क्षेत्र में पिंजरा लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही ग्रामीणों को एहतियात बरतने और किसी भी गतिविधि की तुरंत सूचना देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# कुत्तों ने 8 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

**लखनऊ।** लखनऊ में आवारा कुत्तों ने 8 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला। बच्ची का खून से लथपथ शव घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में मिला। उसका चेहरा पूरी तरह से नुचा हुआ था। जगह-जगह से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। घटना रविवार शाम करीब 6 बजे रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में हुई। मृतक की पहचान अंशिका के रूप में हुई। वह कक्षा-1 की छात्रा थी। घर से अकेली निकली थी, तभी कुत्तों ने हमला कर दिया। तरौना गांव की कुछ महिलाएं शाम को खेतों की ओर गई थीं। इस दौरान उन्होंने खेत में किसी को जमीन पर पड़ा हुआ देखा। महिलाएं डर गईं और गांव में आकर लोगों को यह बात बताई। सूचना पर गांववाले लाठी-डंडे लेकर खेत पहुंचे। गांववालों ने देखा कि खेत में अंशिका का खून से लथपथ शव पड़ा है। गांववालों ने बताया कि इसके बाद हम लोगों ने अंशिका के घरवालों को इसकी सूचना दी।

# होली पर ललितपुर ट्रैफिक पुलिस का अभियान तेज



**ललितपुर।** होली के उत्सव को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से होली ट्रैफिक जागरूकता अभियान ललितपुर में शुरू किया गया है। इस विशेष अभियान का मकसद त्योहार के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित दुर्घटनाओं को रोकना है। त्योहारों के समय बढ़ती भीड़ और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाओं को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात प्रभारी, के नेतृत्व में चंदेरी चौराहा राजघाट पर सघन चैकिंग अभियान चलाया ।अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चंदेरी चौराहा राजघाट पर ब्लैक फिल्म/टिंटेड ग्लास सीटबेल्ट/हेलमेट/दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/मोडिफाइड साइलेंसर/ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध चलाया गया सघन चैकिंग अभियान, जांच के दौरान ब्लैक फिल्म लगे 4 वाहनों का, नशे की हालत में वाहन चलाते हुए 5 वाहनों का चालान करते हुए कुल 37 वाहनों का चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## वामा सारथी ने पुलिसकर्मियों और परिवारों के लिए किया आयोजन



**ललितपुर।** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश वामा सारथी के तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग उ.प्र. के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिज़र्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर परिसर पर किया गया ।आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श योग एवं प्राणायाम सत्र तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र कैम्प में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया ।प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं ।जनपद ललितपुर की वामा सारथी टीम द्वारा इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस अधि0/कर्म0गण तथा उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सके ।

# एएसपी ने होली, के दृष्टिगत शहर में पैदल गश्त कर सुरक्षा का लिया जायजा





**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक ,मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह द्वारा आगामी त्यौहार होली, के दृष्टिगत शहर कोतवाली में पैदल गश्त कर आम जनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास । आमजन से वार्ता कर त्यौहारो को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी ।कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु प्रमुख चौराहों बाजारो व सार्वजनिक स्थानों पर पैदल कर गस्त सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे, साथ ही कोतवाली क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा रविवार को शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह क्षेत्राधिकारी सदर, सुनील कुमार भारद्वाज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी तथा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाजार क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले सार्वजनिक एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गयी। पैदल गस्त के दौरान मुख्य मार्ग सहित अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर उपस्थित छात्रों, आम नागरिकों तथा दुकानदारों से पुलिस अधिकारीगण द्वारा वार्ता की गयी। सुरक्षा के दृष्टिगत उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड आदि पर क्षेत्राधिकारी तथा थाना प्रभारी गण के नेतृत्व में पैदल गस्त की गयी।

परीक्षार्थियों, आम नागरकों तथा दुकानदारों से वार्ता की गयी तथा उन्हें संपूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ जारी, जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराकर सुपर 8 में अजेय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए सुपर एट के अपने आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने सुपर एट में अपनी अजेय बढ़त कायम की। 154 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, प्रोटियाज टीम को पावरप्ले के अंदर ही शुरुआती तीन विकेट गंवाने के बाद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। क्विंटन डी कॉक पहले ही ओवर में सिकंदर रजा के हाथों आउट हो गए। जिम्बाब्वे के कप्तान ने अगले ही ओवर में एडन मार्कराम को सिर्फ चार रन पर आउट करके फिर से झटका दिया। रायन रिकेल्टन ने कुछ बड़े शॉट खेले लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए। उन्होंने 22 गेंदों में 31 रन बनाए।

डेविड मिलर क्रीज पर देवाल्ड ब्रेविस के साथ शामिल हुए और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन ब्लेसिंग मुजरबानी ने 10वें ओवर में उनकी साझेदारी तोड़ दी। मिलर ने 16 गेंदों में दो छक्के और दो चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ब्रेविस ने चार छक्के और दो चौके लगाकर मात्र 18 गेंदों में 42 रन बनाए, लेकिन रजा के हाथों आउट हो गए। ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंदों में 21 रन नाबाद) और जॉर्ज लिंडे (21 गेंदों में 30 रन नाबाद) ने दक्षिण अफ्रीका को 13 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत दिला दी।

जिम्बाब्वे लीग चरण में अपराजित रही, लेकिन सुपर एट में लगातार तीन हार के साथ उसका अभियान समाप्त हो गया। इससे पहले, जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना और प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने के लिए संघर्ष किया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों, जिनमें क्वेना माफाका और एनरिच नॉर्त्जे शामिल थे, द्वारा शुरुआती विकेट लेकर जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया गया। कप्तान सिकंदर रजा ने 73 रनों की शानदार पारी खेलकर एकमात्र प्रतिरोध दिखाया।

जिम्बाब्वे ने पहली पारी के दूसरे ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज तादिवानाशे मारुमानी का विकेट खो दिया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना माफाका ने जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज को मात्र सात रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे ने ब्रायन बेनेट को 13 गेंदों में 15 रन पर आउट कर दिया, जिसमें दो चौके शामिल थे। पावर प्ले समाप्त होने के बाद, जिम्बाब्वे का स्कोर 45/2 था। नौवें ओवर में, जॉर्ज लिंडे ने डियोन मायर्स को 16 गेंदों में 11 रन पर आउट कर दिया, जिसमें एक चौका शामिल था। 10वें ओवर की समाप्ति के बाद जिम्बाब्वे ने 80/3 का स्कोर बनाकर अच्छी स्थिति हासिल कर ली।



## 'हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं', दुबई में फंसी पीवी सिंधु ने डरा देने वाली स्थिति का खुलासा किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली – दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम जाते हुए दुबई हवाई अड्डे पर फंस गई हैं। सिंधू ने डरा देने वाली स्थिति का खुलासा किया है। सिंदू ने बताय कि कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ था। हालांकि सिंधू और उनके इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा सुरक्षित हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण उड़ाने रद्द होने के बाद सिंधू और इरवांस्याह दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना है।

ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी और दुबई भी शामिल हैं। इसके बाद दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। सिंधू ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तनावपूर्ण पलों के बारे में विस्तार से बताया।

सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुश्किल बढ़ती जा रही है और हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ।' सिंधू ने लिखा, 'मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था।' भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नई दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी।

## हीली ने विदायी मैच में लगाया शतक, भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**होबार्ट (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने अपने करियर के अंतिम मैच में शतकीय पारी खेलकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के इस मैच में हीली ने 79 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं वहीं 98 गेंदों पर 158 रन का बनाकर वह पेवेलियन लौटी।अपनी पारी में हिली ने 27 चौके और दो छक्के लगाये। हीली के विदायी मैच में शतक को देखकर उनके पति मिचेल स्टार्क भी बेहद खुश नजर आये। हीली के शतक पूरा करते ही स्टार्क उत्साहित नजर आये।

भारतीय टीम ने इस तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम जब मैदान पर उतरी तो उन्होंने दो लाइन में खड़े होकर हीली को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारतीय टीम के इस रवैये की प्रशंसा हो रही है।

हीली ने जनवरी में ही सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। एकदिवसीय के बाद हीली 6 मार्च को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दिन-रात के एकमात्र टेस्ट के दौरान अंतिम बार मैदान पर उतरेंगी। गौरतल है कि हीली ने फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था और एकदिवसीय ढ्ढ में 3500 से ज्यादा रन बनाए हैं। टी20आई में उनके नाम 25.45 की औसत से 3054 रन दर्ज है, इस दौरान उनका सबसे अधिक स्कोर 148 नाबाद है, जो सदस्य टीमों में सबसे ज्यादा निजी स्कोर है। उन्होंने साल 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टीम 20 विश्व कप और 2013 और 2022 में एकदिवसीय विश्वकप जीता था। हीली 2018 और 2019 में क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर भी थीं।

## आईसीसी ने जनवरी के प्लेयर ऑफ द मंथ का किया ऐलान, डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला सम्मान

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया।

डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फॉर्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।



## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित, लवलीना और निकहत संभालेंगी कमान

नई दिल्ली। भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है। महिलाओं में मुख्य जिम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी। महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)। पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था।

## श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान दासुना शनाका ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी है। साथ ही कहा कि भाग्य के साथ नहीं देने के कारण वह अपनी धरती पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में असफल रहे। शनाका ने कहा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ जीत सकते थे पर अंतिम क्षणों में विफल रहे। वह टीम के प्रदर्शन से भी निराश हैं, क्योंकि सात मैच इस टूर्नामेंट में श्रीलंका की टीम ने अपनी धरती पर खेले, जिनमें से वह केवल तीन ही जीत पायी। तीन मैच इसमें सुपर 8 के भी शामिल थे, जिसके कारण ही टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पायी। शनाका ने मैच के बाद कहा, बिल्कुल यह बहुत करीबी मैच था। मैं इसे फिनिश कर सकता था पर ऐसा नहीं हो पाया। पाक गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने अच्छी गेंदबाजी की। श्रीलंका की टीम के अभ्यान को लेकर कहा, यह हमारे लिए कठिन रहा है। हां, हमें कुछ चोटें आईं। हमने दर्शकों को निराश किया। मैं सभी प्रशंसकों से माफी मांगना चाहता हूं, क्योंकि, आप जानते हैं हम कई खिलाड़ियों के फिट नहीं होने से हारे। भविष्य में, अगर कोई चोट नहीं लगी, तो मुझे लगता है कि यह टीम बहुत अच्छा करेगी। हमें वानिंदू हसरंगा और पथिराना की कहा, उनकी कमी खली। विश्व कप के समय, आप जानते हैं, हमें अपने खिलाड़ियों की यहां जरूरत होती है और यह हमारी ताकत है। हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये अच्छा है। वहीं आलोचकों के भड़कने पर शनाका ने कहा, कभी–कभी खिलाड़ी होने के नाते, हम भी दबाव महसूस करते हैं। ऐसे में यह मेरी गलती थी। मैं सभी प्रशंसकों को निराश करने के लिए माफी चाहता था। मैं वादा करूंगा कि मैं ऐसा दोबारा न करूं। उन्होंने पवन रथनायके के प्रदर्शन की भी प्रशंसा जिन्होंने सभी का ध्यान खींचा। कप्तान ने कहा, वह लगातार अच्छा कर रहा है और क्रीज का बहुत अच्छा इस्तेमाल कर रहा है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा वेलालगे ने भी अच्छा खेला है। उम्मीद है, उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

## टैलोन ग्रीक्सपूर के हटने से दानिल मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता

**दुबई (एजेंसी)।** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए। ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी।

डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, 'मैं बेहतर हो गया हूं, यह पक्का है। बदकिस्मती से सेमीफाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई। मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा। इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊंगा।' यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीजन का दूसरा क्राउन है। यह पहली बार भी है जब 30 साल के इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर मेदवेदेव नंबर 10 अलेक्जेंडर बुब्लिक से सिर्फ 45 पॉइंट पीछे हैं, जबकि वह पिछले साल जून के बाद पहली बार टॉप 10 में वापसी करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली बार एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, 'यही इसकी क्रेजी बात है। मैंने दुनिया के किसी भी शहर में ऐसा कभी नहीं किया, और पहली बार जब मैंने ऐसा किया, तो यह वॉकओवर के जरिए हुआ... हम हफ्ते की शुरुआत से पहले ही जानते थे, जिस तरह से मैं प्रैक्टिस कर रहा था, मैं एक भी बॉल मिस नहीं कर सकता था। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ़्ता होने वाला है। यह एक शानदार हफ़्ता था और मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं।' हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ मेदवेदेव ने एक्टिव खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (72) के बाद, इस सरफेस पर दूसरे सबसे ज़्यादा जीत के मामले में वर्ल्ड नंबर 2 जैनिक सिनर की बराबरी कर ली। ग्रीक्सपूर दुबई में अपने करियर का चौथा और सबसे बड़ा एटीपी टूर टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे थे, जहां उन्होंने इस हफ्ते टॉप 20 प्लेयर्स बुब्लिक, जैकब मेंसिक और रुब्लेव पर जीत दर्ज की। डचमैन की मेदवेदेव के साथ एकमात्र पिछली भिड़ंत पिछले साल दुबई में हुई थी, जब उन्होंने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में यादगार चार मैच पॉइंट बचाए थे। मेदवेदेव अगली बार इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 में हिस्सा लेंगे, जहां वह दो बार के फाइनलिस्ट हैं।



## सलमान अली आगा की कप्तानी पर संकट गहराया

**- माइक हेसन रहे तो शादाब खान बनेंगे नए कप्तान: शाहिद अफरीदी**

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। सलमान अली आगा की कप्तानी में टीम बड़ी टीमों के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी, और कप्तान का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। लगातार आलोचनाओं के बीच पाकिस्तान की टीम प्रबंधन और कप्तानी को लेकर बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने दावा किया है कि अगर कोच माइक हेसन अपना पद बनाए रखते हैं तो शादाब खान पाकिस्तान टीम के अगले कप्तान होंगे। अफरीदी के इस बयान ने पाकिस्तान क्रिकेट में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि शादाब खान और हेसन का जुड़ाव काफी पुराना है, जो पाकिस्तान सुपर लीग की टीम इस्लामाबाद यूनाइटेड के समय से रहा है। अफरीदी के अनुसार शादाब एक बुरे विकल्प नहीं हैं, लेकिन उनकी गेंदबाजी में प्रदर्शन में सुधार जरूरी है ताकि वह टीम को और मजबूती से नेतृत्व दे सकें। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें धागे से लटकी हुई थीं, लेकिन इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर जीत ने पाकिस्तान की थोड़ी उम्मीद जगाई है। फिर भी पाकिस्तान के लिए रास्ता आसान नहीं है। टीम को अपने अंतिम सुपर–8 मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 64 रनों के बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी, या फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच 13.1 ओवर के भीतर समाप्त करना होगा। फिलहाल न्यूजीलैंड का रन रेट (+1.390) पाकिस्तान (–0.461) से काफी बेहतर है, इसलिए पाकिस्तान को बड़े अंतर वाली जीत ही सेमीफाइनल में पहुंचा सकती है। सलमान अली आगा की कप्तानी पिछले कुछ मैचों से विवादों में है। पाकिस्तान के खेल विश्लेषक और पूर्व खिलाड़ी लगातार उनके फैसलों और मैदान पर कमजोर रणनीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। क्रिकेट फैंस भी सोशल मीडिया पर कप्तान और टीम दोनों पर नाराजगी जता रहे हैं। अगर टीम श्रीलंका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती तो सलमान अली अगा की कप्तानी लगभग समाप्त मानी जा रही है। पाकिस्तान के लिए अब सबकुछ उनके अंतिम मुकाबले पर निर्भर करता है। यदि बड़ी जीत मिलती है तो सेमीफाइनल का टिकट संभव है, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो टीम और कप्तान दोनों को विश्व कप के बाद बड़े बदलावों का सामना करना पड़ सकता है।



## आकिब नबी बने टीम इंडिया की नई उम्मीद, रणजी सीजन में रचा बड़ा इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट को जल्द ही एक धाकड़ तेज गेंदबाज मिलने जा रहा है। 29 वर्षीय पेसर आकिब नबी रेड बॉल क्रिकेट में लगातार कमाल करते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उनकी घातक गेंदबाजी ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जम्मू–कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पूरे सीजन बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और फाइनल मुकाबले में भी अपना दम साबित किया। कर्नाटक के खिलाफ केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले की पहली पारी में नबी ने शानदार 5 विकेट चटकाए। उनकी दमदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक की पारी 293 रन पर सिमट गई और जम्मू–कश्मीर ने 291 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए।

## हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की, सविता निजी कारणों से हटीं

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है।

मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है।

सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'

अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमश: स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

**टीम**

गोलकीपर : बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम

डिफेंडर : सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी

मिडफील्डर : नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग

फारवर्ड : नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू



## जयसूर्या का इस्तीफा, बोर्ड ने नये कोच की तलाश शुरु की

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच . सनथ जयसूर्या ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंकाई टीम लीग स्तर में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद भी सुपर–8 के सभी मैच हार गयी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने अब नये कोच की तलाश भी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि जयसूर्या जुलाई 2024 में टीम के अंतरिम मुख्य कोच बने थे। इसके बाद अक्टूबर में उन्हें पूर्णकालिक कोच बनाद दिया गया था। उनका करार इसी साल जून 2026 तक था पर टीम के लचर प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने तत्काल पद छोड़ना ही सही समझा है। सुपर–8 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान से लगातार मिली हार के बाद श्रीलंकाई टीम बाहर हुई है। इससे टीम साल 2014 के बाद से ही पांचवीं बार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। पाक के खिलाफ अंतिम मैच में दासुन शनाका के 31 गेंदों में नाबाद 76 रन की आक्रामक पारी से टीम जीत के करीब पहुंच गयी थी। वह 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए के पांच रन ही पीछे रह गयी। जयसूर्या के कोच रहते श्रीलंका ने सभी प्रारुपो को मिलाकर कुल 76 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए 34 जीते और कुल जीत प्रतिशत करीब 45 रहा। बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार उसने कोच पद के लिए कई उम्मीदवारों से बात की है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सपताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के` विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

# वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में 15,000 करोड़ निवेश करेगा

**- बनेगा दक्षिण भारत का बड़ा ट्रांसशिपमेंट केंद्र**

**तूतीकोरिन ।**

वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह, जो तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है, अपनी आउटर हार्बर परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश बंदरगाह की मौजूदा ढांचा उन्नयन और नई तकनीक में किए गए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से अलग है। परियोजना का लक्ष्य बंदरगाह को दक्षिण भारत का प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनाना और श्रीलंका, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करना है। वर्तमान में बंदरगाह की वार्षिक माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन है। आउटर हार्बर परियोजना के तहत दो चरणों में 2027 और 2030 तक क्षमता में 40 लाख टन की वृद्धि होगी। योजना के अनुसार, 18 मीटर गहराई वाले दो नए बर्थ विकसित किए जाएंगे, जिन पर 2.5 लाख डीवीटी तक के बड़े माल ढुलाई जहाज ठहर सकेंगे। परियोजना के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित करने हेतु वीओसी बंदरगाह ने भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और सागरमाला फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय करार किया है।

यह कदम बंदरगाह को नए निवेश और विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक कोष उपलब्ध कराने में सहायक होगा। बंदरगाह प्राधिकरण के एक अे धिकारी ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समुद्री क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

आउटर हार्बर परियोजना से बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने और दक्षिण भारत में माल परिवहन एवं ट्रांसशिपमेंट के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर, वैश्विक तेल आपूर्ति पर खतरा

**- हवाई हमलों के बाद बढ़ा तनाव, जनता की जेब पर बढ़ेगा बोझ**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों और इसके जवाब में ईरान की प्रतिक्रिया ने होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। यह मार्ग खाड़ी देशों और भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों के लिए बेहद संवेदनशील है। आंशिक नाकाबंदी ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है, और कई टैंकरों ने रास्ता बदल दिया या लंगर डाल दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार बड़ी तेल कंपनियों और ट्रेडिंग हाउसेज ने सुरक्षा कारणों होरमुज़ मार्ग से कच्चा तेल, ईंधन और स्र्ह्लत्र की ढुलाई रोक दी है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, कम से कम 11 बड़े एनएनजी टैंकरों ने अपनी गति धीमी कर दी या वापस मुड़ गए। ओमान के तट के पास तेल टैंकरों की कतारें लग गई हैं, जिससे सप्लाई चेन बाधित हो रही है। भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश जैसे इराक, सऊदी अरब, यूएई और कुवैत इस मार्ग पर निर्भर हैं। अगर बाधा लंबी खिंचती है, तो भारत की रिफाइनरियों में कच्चे तेल का स्टॉक कम हो जाएगा। इससे आयात लागत बढ़ सकती है और लंबे समय में आम जनता की जेब और व्यापार घाटा प्रभावित हो सकता है। अमेरिकी नौसेना ने अरब खाड़ी, ओमान की खाड़ी और उत्तरी अरब सागर को सैन्य अभियान क्षेत्र घोषित किया है। ग्रीस और ब्रिटेन ने अपने जहाजों को होरमुज़ से दूर रहने की चेतावनी दी। इस स्थिति ने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। जहाजों के पास केवल केप ऑफ गुड होप का लंबा मार्ग बचता है, जिससे 10-15 दिन की देरी, अधिक ईंधन खर्च और बढ़े हुए बीमा प्रीमियम का सामना करना पड़ता है। चार्टर और लॉजिस्टिक लागत बढ़ने से मालभाड़ा दरें भी बढ़ रही हैं। कार्गो मालिक फोर्स मेज्योर का सहारा लेकर समय पर डिलीवरी की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। जीपीएस जामिंग और हवाई क्षेत्र बंद होने से चालक दल बदलाव और लॉजिस्टिक प्रबंधन भी कठिन हो गया है।

# जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सेंटर




**एमआरओ सुविधा के लिए सिंगापुर की कंपनी ने दिखाया निवेश रुचि**

**ग्रेटर नोएडा ।** उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग (एमआरओ)सुविधा विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर की एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी ने इस सुविधा में निवेश की इच्छा जताई। योजना के तहत 1365 हेक्टेयर भूमि पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के साथ-साथ एविएशन उद्योग की स्थापना होगी, जिससे बोइंग और एयरबस जैसे विमान और उनके पुर्जों का निर्माण भी संभव हो सकेगा। सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने कई एमओयू किए। जापान में भी जापानी कंपनियों ने वायईआईडीए क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। क्यबोटा, होंडा,` मिंडा स्पार्क, डेंसो, डेबू, सुजुकी मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे। वायईआईडीए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और एविएशन उद्योग स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेश भी आकर्षित होगा। एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह पहल उत्तर प्रदेश में एविएशन और लॉजिस्टिक सेक्टर को मजबूत करेगी और जेवर को एक प्रमुख औद्योगिक और एविएशन हब बनाने में मदद करेगी।

# महंगे सोने ने बदली ज्वेलरी की प्राथमिकताएं, 18 कैरेट सोने की मांग बढ़ी

**- युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर हो रहे हैं आकर्षित**

**नई दिल्ली ।**



देश में सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पारंपरिक 22 कैरेट सोने की मांग पर असर पड़ा है। ग्राहक अब केवल निवेश के रूप में सोना नहीं बल्कि पर्सनल स्टाइल और पहचान के लिए ज्वेलरी चुन रहे हैं। इस बदलाव के चलते 22 कैरेट के भारी गहनों की तुलना में 18 कैरेट सोने की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार 18 कैरेट सोने की कीमत 22 कैरेट की तुलना में 15-20 प्रतिशत कम होने के कारण बजट पर दबाव कम करती है। सिर्फ सस्ता विकल्प न रहकर चांदी और स्टर्लिंग सिल्वर अब फैशन की पहचान बन गए हैं। युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बढ़ती कीमतों के बावजूद चांदी निवेशकों के लिए भी आकर्षक विकल्प बन रही है। पिछले एक साल में चांदी ने निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिए हैं, जिससे इसे सुरक्षित और लाभकारी निवेश के तौर पर देखा जाने लगा है। डायमंड ज्वेलरी की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। हालांकि फिलहाल यह शुरुआती चरण में है, लेकिन युवा वर्ग के बीच इसका स्टाइल और पहचान के लिए आकर्षण बढ़ रहा है। इसे रोजमर्रा में पहनने के लिए हल्के और मॉडर्न डिज़ाइन में अधिक मांग दिखाई दे रही है। महंगे सोने ने ग्राहकों की प्राथमिकताओं को बदल दिया है। अब बाजार में बजट-अनुकूल विकल्प, स्टाइलिश डिज़ाइन और निवेश क्षमता तीनों का संतुलन देखने को मिलता है। ग्राहक केवल सोने को निवेश नहीं बल्कि रोजमर्रा में पहनने योग्य, हल्का और फैशनेबल विकल्प भी मान रहे हैं।

# इजरायल-अमेरिका का ईरान पर हमले से भारतीय बाजार में बढ़ा जोखिम

**- भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें**

**मुंबई ।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान के कई शहरों पर सैन्य हमला किया। तेहरान में तबाही के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इस अचानक हुए हमले के चलते वैश्विक बाजारों में घबराहट फैल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें हैं। मिडिल ईस्ट तनाव के चलते सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे तेल महंगा होगा। महंगा क्रूड आयात भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें उछाल सकती हैं। क्रूड की कीमतों में बढ़ोतरी से कई सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां जैसे आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल मार्जिन दबाव में आ सकते हैं। एयरलाइंस का ईंधन खर्च बढ़ेगा, जबकि पेंट कंपनियां जैसे ऐ शियन पेंट और बर्गर पेंट कच्चे माल की महंगाई का सामना करेंगी। टायर कंपनियों को भी सिंथेटिक रबर महंगा होने से नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय बाजार में वोलेटिलिटी बढ़ सकती है।




# मारुति की फरवरी में बिक्री बढ़कर 2,13,995 इकाई पर

**- पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे**

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,13,995 इकाई हो गई। इससे पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री थोड़ी बढ़कर 1,61,000 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1,60,791 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो वाले मिनी कार खंड की बिक्री मामूली बढ़कर 10,238 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,226 इकाई थी। हालांकि, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कार खंड की बिक्री पिछले महीने घटकर 66,386 इकाई रह गई, जो फरवरी, 2025 में 72,942 इकाई थी। दूसरी ओर ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 65,033 इकाई के मुकाबले बढ़कर 72,756 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री एक साल पहले के फरवरी के आंकड़े 2,710 इकाई से बढ़कर 3,130 इकाई रही।फरवरी, 2026 में कंपनी का कुल निर्यात पिछले साल इसी महीने के 25,021 इकाई के मुकाबले 39,155 वाहन रहा।

# फरवरी में एमएंडएम की बिक्री 18 फीसदी बढ़कर 97,177 इकाई रही

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने रविवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 97,177 इकाई हो गई। एमएंडएम ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यूटिलिटी वाहनों (यूवी) की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 60,018 इकाई रही, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 50,420 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 24,585 इकाई रही। इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन खंड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कि फरवरी का प्रदर्शन पूरे पोर्टफोलियो में ग्राहकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। पिछले महीने कुल निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 3,384 इकाई रहा, जो फरवरी 2025 में 3,059 इकाई था।

# कोल इंडिया की इकाई छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

**- छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर कमाती हैं अपनी रोज़ी-रोटी**



**बिश्रामपुर ।** सूरजपुर जिले की 30 वर्षीय पूजा साहू अब अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। उन्हें लोग बोटिंग वाली दीदी कहते हैं। यह नई पहचान उन्हें मजबूती और आर्थिक आजादी का एहसास कराती है। साहू कहती हैं, मुझे गर्व होता है कि अब मेरी अपनी पहचान है। लोग मुझे बोटिंग वाली दीदी कहते हैं और यह आजादी जैसा लगता है। साहू छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर अपनी रोज़ी-रोटी कमाती हैं। यह पार्क साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा खनन क्षेत्र को एडवेंचर हब में बदलकर विकसित किया गया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर क्षेत्र में बोटिंग, तैरता हुआ रेस्तरां और मछली पालन की सुविधाएं हैं। साहू शिव शक्ति महिला ग्राम संगठन की 12 महिलाओं में से एक हैं। वे रोज़ाना लगभग 200 रुपये कमाती हैं और अपनी पसंद का खाना व कपड़े खरीद सकती हैं। उनका संदेश है` कि अपना घर छोड़ो और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनो। एसईसीएल के अनुसार यह पार्क यह दिखाता है कि खनन के बाद क्षेत्र को टिकाऊ जीवनयापन और रोज़गार के अवसरों में बदला जा सकता है।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में किया 22,615 करोड़ का निवेश

**- फरवरी में 17 महीने का उच्चतम निवेश, इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे**

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी 2026 में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये निवेश किए, जो 17 महीने का उच्चतम मासिक प्रवाह है। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे थे- नवंबर 2025 में 3,765 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और जनवरी 2026 में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। 2025 में कुल शुद्ध निकासी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) रही, जो इतिहास के सबसे खराब वर्षों में से एक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी में निवेश बढ़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं- भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार करार से भरोसा बढ़ना, घरेलू शेयर बाजार का मूल्यांकन कम होना जिससे निवेशकों को सस्ती खरीदारी का अवसर मिला और तीसरी तिमाही में कंपनियों की कमाई 14.7 फीसदी बढ़ी जिससे एफपीआई का भरोसा मजबूत हुआ। एफपीआई ने फरवरी में वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान क्षेत्र में आक्रामक खरीदारी की, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। बाजार के जानकारों के मुतो बिक आईटी क्षेत्र में कमजोरी और कृत्रिम मेध (एआई) से जुड़ी चिंताओं के कारण बिकवाली हुई, लेकिन वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान में वे शुद्ध खरीदार रहे।

# सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**सरकार से सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को करने की मांग**

**नई दिल्ली ।**

सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रे ति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रे ति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रे ति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 350 रुपये की गिरावट के साथ 13,450 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,430 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 5,350-5,400 रुपये और 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,450 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 7,000-7,475 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये के सुधार के साथ 2,690-2,990 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 25 रुपये की गिरावट के साथ 11,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी**

**मुंबई ।**



पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

# अगले हफ्ते दो कंपनियों के निवेशकों की लगेगी लॉटरी

**- एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय की**

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए खुशखबरी है। 6 मार्च को दो प्रमुख कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर जारी करेंगी। ये कंपनियां हैं एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक। बोनस शेयर आम तौर पर निवेशकों को रिवॉर्ड देने और शेयर की लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए जारी किए जाते हैं। दोनों कंपनियों ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय कर दी है। फाइनेंस सेक्टर की कंपनी एलकेपी फाइनेंस ने 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि अगर निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 4 अतिरिक्त शेयर मुफ्त मिलेंगे। इस तरह कुल शेयरों की संख्या पांच हो जाएगी। यह कदम निवेशकों के लिए लंबे समय में लाभदायक साबित हो सकता है क्योंकि शेयरों की संख्या बढ़ने से भविष्य में मिलने वाले डिविडेंड का पैसा भी बढ़ता है। आईटी सेक्टर की सिल्वर टच ने भी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। यानी अगर किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 1 और मुफ्त में मिलेगा। इसके लिए भी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च निर्धारित किया गया है।

# खतरनाक स्टंट नहीं करने की चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी



प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड की देसी गर्ल से हॉलीवुड की एक्शन गर्ल बनने तक का सफर बखूबी तय किया है। जल्द ही वह एक हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' में लीड रोल में दिखेंगी। इस फिल्म को लेकर प्रियंका काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन फिल्म में कई एक्शन सीन्स प्रियंका ने खुद नहीं किए। इसकी वजह भी वह साझा करती हैं।

### खतरनाक शॉट्स से प्रियंका ने बनाई दूरी

हाल ही में वैरायटी से की गई बातचीत में प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'कुछ शॉट्स ऐसे थे जिनके लिए मुझे अपने स्टंट डबल पर डिपेंड रहना पड़ा। स्टंट डबल को तीन या चार खतरनाक शॉट्स करने पड़े। इसमें चेहरे पर कांच लगने वाले सीन्स भी शामिल थे।' प्रियंका चोपड़ा आगे कहती हैं, 'यह चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी। प्रोडक्शन टीम को भी चिंता थी। उन्होंने मुझे खतरनाक स्टंट करने नहीं दिए। देखिए, मैं हीरो नहीं हूं, मैं काम करने के लिए काम पर जाती हूं। मैं नहीं चाहती कि किसी को चोट लगे या मुझे खुद को भी चोट लगे।'

### फिल्म 'द ब्लफ' में क्या है प्रियंका चोपड़ा का किरदार?

प्रियंका चोपड़ा और कार्ल अर्बन स्टारर 'द ब्लफ' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। फ्रैंक ई फ्लावर्स के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक कैरिबियन महिला की कहानी है, जिसका




सीक्रेट पास्ट तब सामने आता है जब समुद्री लुटेरे उसके आइलैंड पर हमला करते हैं। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने गजब का एक्शन भी किया है।


### इन प्रोजेक्ट्स में भी आएंगी देसी गर्ल नजर

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' और राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा हैं। 'वाराणसी' फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका चोपड़ा लगातार भारत आ रही हैं। अब उनका नाम फिल्म '007 बॉन्ड' सीरीज को लेकर भी सामने आ रहा है।



# क्या द वार्डरोब में दिव्या अग्रवाल निभा रही हैं भूत का किरदार?

राज गवली प्रोडक्शन ने अपनी आगामी सुपरनैचुरल थ्रिलर द वार्डरोब का दिलचस्प फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है, और फैंस अब यह सवाल पूछ रहे हैं — क्या दिव्या अग्रवाल इस फिल्म में भूत का किरदार निभा रही हैं? सौरभ चौबे के निर्देशन में बनी इस हॉरर थ्रिलर में द वार्डरोब भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में एक रहस्यमयी महिला को पुराने, आधे खुले लकड़ी के वार्डरोब से बाहर निकलते हुए दिखाया गया है, जिस पर लताएं लिपटी हुई हैं। खून से सने सफेद गाउन में और धुएं व अंधेरे से घिरे माहौल के बीच दिव्या का डरावना अंदाज़ उनके किरदार को लेकर कई सवाल खड़े करता है। वार्डरोब के भीतर से आती लाल रोशनी फिल्म के सुपरनैचुरल टोन को और गहरा करती है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि मेकर्स ने कहानी के अहम पहलुओं को अभी गोपनीय रखा है, लेकिन पोस्टर ने इस बात की अटकलों को हवा दे दी है कि दिव्या किसी बेचैन आत्मा की भूमिका में हो सकती हैं।




# साउथ फिल्मों की अजीब डिमांड से परेशान हो रहीं है तापसी




**तापसी पन्नू ने बॉलीवुड के अलावा तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में भी अभिनय किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने साउथ मेकर्स की अजीब डिमांड का जिक्र किया। तापसी का मानना है कि इस वजह से कई बार सेट पर असहज स्थिति भी बन जाती थी। आखिर क्या थी वो डिमांड?**

### साउथ की फिल्मों को करते हुए कौन सी दिक्कत आती है?

तापसी पन्नू ने बताया कि साउथ की फिल्मों में एक्ट्रेस के अपीयरेंस पर बहुत ज्यादा फोकस किया जाता है। वह कहती हैं, 'साउथ फिल्मों में आकर्षक दिखने के लिए खास तरह के कपड़े पहनने के लिए बोला जाता है। लेकिन इसमें समस्या यह है कि सेट पर हीरोइन को यह बात बताने के लिए लड़कियां गिनती की होती हैं। ऐसे में डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर को बोलता है। फिर वह हेयर या स्टाइल टीम की किसी दीदी को बताते हैं। आप सोचो कितना शर्मनाक होगा कि सेट पर एक गाने के शूट में एक्ट्रेस का बीच में उठकर जाना है। सब देख रहे होते हैं कि क्या फर्क हुआ? फिर पता चलता है कि हमें फर्क पता नहीं चल रहा। ऐसे में एक्ट्रेसेस को वापस जाने को कहा जाता है।' तापसी का मानना है कि साउथ में एक्ट्रेस की फिजिकल अपीयरेंस पर फोकस किया जाता है। मेकर्स को लगता है कि इससे ऑडियंस की फैंटेसी पूरी होती है और फिल्म को लेकर अट्रैक्शन बढ़ता है।

### फिल्म 'अस्सी' को लेकर चर्चा में तापसी पन्नू


फिल्म 'अस्सी' में कनी कुश्रुति, जीशान अय्यूब, तापसी पन्नू, कुमुद मिश्रा और रेवती जैसे कलाकार नजर आए हैं। तापसी फिल्म में रेप पीड़िता की वकील बनी हैं। वहीं रेप पीड़िता के रोल में कनी कुश्रुति दिखीं। दोनों ने ही दमदार अभिनय किया है। फिल्म 'अस्सी' की कहानी रेप पीड़िता के संघर्ष को दिखाती है, कानूनी प्रक्रिया में रेप केस के फैसलों में क्यों देरी होती है? परिवार और उस महिला पर क्या गुजरती है, इन बातों को निर्देशक ने बहुत ही संवेदनशील तरीके से दिखाया है। साथ ही इस जघन्य अपराध के पीछे की मानसिकता को भी सामने रखा है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म ठीक-ठाक कलेक्शन कर रही है।



# यश की 'टॉक्सिक' में नए अक्षय ओबेरॉय की एंट्री



यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' सुर्खियों में है। फिल्म के मेकर्स हर दिन इसकी अपडेट दे हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी हुआ है जिसे दर्शकों ने पसंद किया है। अब मेकर्स ने फिल्म के एक और कलाकार का लुक जारी किया है। मेकर्स ने फिल्म से अक्षय ओबेरॉय का लुक जारी किया है। केवीएन प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर अक्षय ओबेरॉय का लुक जारी किया है। इसमें वह टोनी के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में टोनी भूरे रंग के ड्रेस में हैं। वह खून से लथपथ हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि उनके आस-पास कई घायल लोग पड़े हुए हैं। इन लोगों के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हैं। फिल्म में यश, राया और टिकट के डबल रोल में नजर आएंगे। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में राया पर ज्यादा फोकस किया गया है। इसमें उन्हें एक खतरनाक गैंगस्टर के तौर पर दिखाया गया। टीजर में भरपूर एक्शन है। मेकर्स ने फिल्म से कई कलाकारों के लुक शेयर किए हैं। इसमें नादिया के रोल में कियारा आडवाणी, गंगा के रोल में नयनतारा, एलिजाबेथ के रोल में हुमा कुरैशी, रेबेका के रोल में तारा सुतारिया, टोविनो थॉमस, डेरेल डी'सिल्वा और मेलिसा के रोल में रुक्मिणी वसंत होंगी। फिल्म 'टॉक्सिक' को यश और डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने मिलकर लिखा है। यह फिल्म 1940 और 1970 के दशक के बीच गोवा में सेट है। कन्नड़ और इंग्लिश में एक साथ शूट की गई यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। टॉक्सिक 19 मार्च, 2026 को रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश करने वाली है। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं। देखना होगा कि कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिक पाती है।



# राहुल भट्ट ने साझा किया 'कैनेडी' का शूटिंग अनुभव

**राहुल भट्ट और अनुराग कश्यप कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों ने साथ में 'अग्ली' (2013) और 'दोबारा' (2022) जैसी फिल्में की हैं। अब दोनों की साथ में तीसरी फिल्म 'कैनेडी' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बातचीत में राहुल ने अनुराग कश्यप के बारे में खुलकर बात की और उनके साथ अपने काम के अनुभव साझा किए। साथ ही फिल्म के बारे में भी जानकारी दी।**

### इतने साल में अनुराग में क्या बदलाव आया? क्या उन पर इंडस्ट्री का दबाव है?

अनुराग को जो करना होता है वो वही करते हैं। उनके ऊपर इंडस्ट्री का कोई दबाव नहीं होता। वो मार्केट के लिए फिल्में बनाते ही नहीं। वो वह काम करते हैं, जिससे उन्हें तसल्ली मिलती है। वो इंडस्ट्री के बड़े ज्ञानी हैं। हम उनको कुछ ज्ञान नहीं दे सकते। उन्हें अच्छे से बिजनेस पता है। फिल्म कैसे बिकेंगी, किधर जाएंगी। उनकी फिल्मों की सेल्फ लाइफ लंबी होती है। उन्होंने कितना कुछ हासिल किया और कितने ही टैलेंट को आगे बढ़ाया है।

### क्या आपको लगता है इंडस्ट्री ने उन्हें वो दिया जिसके वो हकदार हैं?

ये सिर्फ आप और हम सोचते हैं। वो ये सब नहीं सोचते कि इंडस्ट्री ने उन्हें क्या दिया और क्या नहीं? बाकी वो बड़े आदमी हैं। उनकी शिकायतें होंगी तो पता नहीं क्यों होंगी। मैं तो इस बारे में कुछ नहीं कह सकता। उनको जितना जानता हूं बस इतना कह सकता हूं कि उनको बहुत कुछ मिला है, बहुत कुछ उन्होंने पाया है अपनी जिंदगी में। बाकी उनका टैलेंट इतना है कि उनको बहुत कुछ और मिलना चाहिए और वो मिलेगा भी। उन्हें कोई नहीं रोक सकता।

### 'कैनेडी' का शूटिंग अनुभव कैसा रहा? अपने किरदार के बारे में कुछ बताएं?

अनुराग की फिल्में मेरे ऊपर सेट से दूर होने और शूटिंग पूरी होने के बाद भी असर बनाए रखती हैं। 'कैनेडी' की शूटिंग के दौरान अपने किरदार के अंदर की आवाज, चाल और जो एटिट्यूड मैंने अपनाया.. वह लंबे समय तक मुझसे बना रहा। इस फिल्म में अपने किरदार को मैंने एक खास आवाज दी। वो आवाज शूटिंग के बाद भी मेरे अंदर से आती रही। लोग कहते थे – 'क्या कर रहा है तू? सीधे बात कर।' गाड़ी चलाते वक्त भी मेरा एट्टीट्यूड वैसा ही रहता था। मानो जैसे कोई खतरनाक आदमी गाड़ी चला रहा हो। फिल्म खत्म होने के बाद भी करीबन तीन महीने तक यह किरदार मेरे साथ रहा।

### इंडस्ट्री में बदलावों पर आपकी क्या राय है?

पहले एक ही तरीके की फिल्में बन रही थीं, अब सिनेमा थोड़ा खुल गया है। ओटीटी प्लेटफार्म ने एक नया पिटारा खोला है। लोगों को एक्सपोजर मिल गया है और काफी मजेदार फिल्में बन रही हैं। मुझे लगता है मेरे जैसे अभिनेताओं के लिए यह बहुत अच्छा वक्त है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in